# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0

## दिनांक– 04/10/24 को सम्पन्न उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

कार्य प्रमण्डल, पटना–1, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के Construction of RUB (Road Under Bridge) on Jagdeo Path in liew of Level Crossing No.-33 between Phulwarishariff and Danapur Railway Station in Patna District के **तृतीय बार पुनर्निविदा** की तकनीकी बीड जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) प्रबंध निदेशक, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।
(ii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–1, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।
(iii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–2, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

2. वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल, पटना–1, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के पत्रांक–1315 अनु0 दिनांक–26.09.2024 (पृ0 138/प0) के माध्यम से तकनीकी बीड का तुलनात्मक विवरणी अंचलीय कार्यालय को समर्पित किया गया है। समर्पित तुलनात्मक विवरणी के आधार पर अंकित सूचनाओं की विवरणी निम्नवत् हैः–

2.1 कार्य का नाम :– Construction of RUB (Road Under Bridge) on Jagdeo Path in liew of Level Crossing No.-33 between Phulwarishariff and Danapur Railway Station in Patna District

2.2 निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नामः– वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल, पटना–1

2.3 निविदा संख्या एवं तिथि :–1108 दिनांक–14.08.2024 (पृ0 145–139/प0)

2.4 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण :–हाँ।

- प्रथम बार आमंत्रित निविदा में किसी भी निविदादाता द्वारा भाग नहीं लिये जाने के कारण।
- द्वितीय बार आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड में सफल एकल निविदादाता द्वारा उच्च दर उद्धृत करने के कारण, निदेशक पर्षद द्वारा निविदा को रद्द किया गया (पृ0 110/प0)।
- तृतीय बार आमंत्रित निविदा में किसी भी निविदादाता द्वारा भाग नहीं लिये जाने के कारण (पृ0 113–114/प0)।

2.5 निविदा की राशि :–रू 26.0899 करोड़

2.6 प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :–पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक प्र0–11/ROB–04–13/2019 1423 (S) दिनांक 15.03.2024 द्वारा कुल रू 8657.82 लाख का प्राप्त है जिसमें राज्यांश के रूप में रू 7133.41 लाख स्वीकृत है तथा Railway share रू 1524.41 लाख है (पृ0 94–96/प0)।

| | |
|---|---|
| 2.7 कार्य समाप्ति की अवधि | :–24 (Twenty four) Months |
| 2.8 निविदा की प्रक्रिया | :–ई–टेंडरिंग SBD (Percentage Rate) |
| 2.9 निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | :–10.09.2024 As per Corrigendum (पृ0 146 / प0) |
| 2.10 प्राप्त निविदादाताओं की संख्या | :– 02 (दो) अदद यथा:–<br>(i) Lall Construction (INDIA) Limited, Plot No.-28, T/F Karuna Kunj, Sec-3, Dwarka, New Delhi<br>(ii) Sona Infracon Pvt Ltd., Ababakarpur, Manpura, Tajpur, Samastipur |
| 2.11 तकनीकी बीड की जाँच | :–तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा जाँच की गई तुलनात्मक विवरणी (पृ0 147–150 / प0 द्रष्टव्य)। |
| 2.12 सफल निविदादाता का नाम | :– (i) Lall Construction (INDIA) Limited, Plot No.-28, T/F Karuna Kunj, Sec-3, Dwarka, New Delhi |
| 2.13 असफल निविदादाता का नाम | :– (i) Sona Infracon Pvt Ltd., Ababakarpur, Manpura, Tajpur, Samastipur |
| 2.14 परिवाद की स्थिति | :– अप्राप्त। |

## 3. उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय–

निविदा में शामिल दोनों निविदादाताओं में निविदादाता Sona Infracon Pvt Ltd., Ababakarpur, Manpura, Tajpur, Samastipur निविदा के Similar Nature की अहर्ता को पूर्ण नहीं करते हैं। अतः इन्हें NIT के Clause 3(vi) के तहत असफल घोषित किया जाता है। शेष 01 (एक) निविदादाता Lall Construction (INDIA) Limited, Plot No.-28, T/F Karuna Kunj, Sec-3, Dwarka, New Delhi द्वारा निविदा के सभी न्यूनतम अहर्ता पूर्ण करने के फलस्वरूप तकनीकी बीड में सफल घोषित करते हुए निदेशक पर्षद के 248 / 15वीं बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में तकनीकी बीड का अनुमोदन किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इस कार्यवाही को निगम के Website पर 3 (तीन) दिनों तक रखा जाय एवं यदि दिनांक 07/10/2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है तो उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पुनः समीक्षा हेतु बैठक आहूत की जायेगी। यदि किसी भी निविदादाता के अनुभव प्रमाण पत्र/कागजात में विसंगति या गलत पाया जाता है तो उनके निविदा को अमान्य करते हुए उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

चूँकि विषयांकित कार्य की तृतीय बार पुनर्निविदा की राशि रू 26.0899 करोड़ है, इसलिए विषयांकित योजना का वित्तीय बीड निदेशक पर्षद के समक्ष अनुमोदनार्थ उपस्थापित किया जाएगा।

**बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।**

| | | |
|---|---|---|
| 4.10.24 | 04/10/24 | 4/10/2024 |
| उप मुख्य अभियंता,<br>कार्य अंचल–1<br>बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना। | उप मुख्य अभियंता,<br>कार्य अंचल–2<br>बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना। | प्रबंध निदेशक,<br>बि०रा०पु०नि०नि०लि०,<br>पटना। |